चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 28-6-24 | 4 | 2-5 |


# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी, 30 को 18 केंद्रों पर आएंगे परीक्षार्थी

## 8491 उम्मीदवारों ने किए हैं आवेदन विशेष निरीक्षण दल परीक्षा में करेंगे निगरानी

जागरण संवाददाता, हिसार : चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी आनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलाजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलाजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलाजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलाजी कोर्स, कालेज आफ बायो-टेक्नोलाजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलाजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलाजी एंड बायो-टेक्नोलाजी में एमएससी कोर्स में दाखिले के लिए 30 जून को 18 केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा होगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली है।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज। ● पीआरओ



एचएयू का प्रशासनिक खंड-फ्लैचर भवन। ● पीआरओ

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8491 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी। कुलसचिव डा. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने और दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। कुलसचिव ने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र में मोबाइल, कैलकुलेटर व इलेक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलेक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केंद्र के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की होगी।

### परीक्षा से एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा

परीक्षा नियंत्रक डा. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट व बीटेक बायोटेक्नोलाजी के लिए प्रात 10 से दोपहर 1:30 बजे और शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रात 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा। उम्मीदवारों को परीक्षा से एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विवि के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव के कार्यालय में प्रात सात बजे से दोपहर दो बजे तक आकर मिल सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28.6.24 | 3 | 5-6 |


# एचएयू में बीएससी एग्रीकल्चर समेत यूजी और पीजी की प्रवेश परीक्षाएं 30 जून को

## परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट पर किए अपलोड

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्सेज में दाखिले के लिए 30 जून को प्रवेश परीक्षाएं होंगी। इसको लेकर विवि प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

विवि में बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, [illegible]योलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एमएससी कोर्सेज के लिए 30 जून को प्रवेश परीक्षा होगी। विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8491 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए एचएयू सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल रोकने के लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया है। हर उम्मीदवार की फोटोग्राफी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट व बीटेक बायोटेक्नोलॉजी के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पहले अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि किसी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव एकेडमिक के कार्यालय में मिल सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विवि की वेबसाइट hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध प्रोस्पेक्ट्स में देख सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 28.6.24 | 9 | 5-8 |

## 18 परीक्षा केंद्रों पर 8491 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

# 30 को एचएयू की प्रवेश परीक्षा, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज के लिए 30 जून को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### प्रवेश पत्र से मिलेगी एंट्री

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने गुरुवार को बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8491 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई हैं। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

### समान के खुद जिम्मेदार

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, केलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

### एक घंटा पहले आना होगा

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट व बीटेक बायोटेक्नोलॉजी के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व (9 बजे तक) अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा। उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव संपर्क कर सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28-6-24 | 6 | 5-7 |

# एचएयू में प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी, 30 जून को होगी परीक्षा

## परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कर दिए गए हैं अपलोड

हिसार, 27 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज के लिए 30 जून को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8491 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई हैं। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकूलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट व बीटेक बायोटेक्नोलॉजी के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पूर्व (9 बजे तक) अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक आकर मिल सकते हैं अन्यथा कार्यालय के फोन नं. 01662-255-254 पर संपर्क कर सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध प्रोस्टपेक्टस में देख सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 28-6-24 | 4 | 4-5 |

## हकृवि में प्रवेश परीक्षा 30 को

**» दाखिले के लिए 8491 आवेदन आए, 18 परीक्षा केन्द्र बनाए**

हिसार, 27 जून (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बी.एससी. ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बी.एससी. आनर्स एग्री-बिजनैस मैनेजमैंट, बी.टैक बायोटैक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-कैमिस्ट्री, कैमिस्ट्री, इनवायरमैंटल साइंस, फूड साइंस एंड टैक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टैक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटैक्नोलॉजी, बायो-इंफोरमैटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टैक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज के लिए 30 जून को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8491 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई हैं। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकूलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 28-6-24 | 4 | 1-4 |


# एचएयू में प्रवेश परीक्षा 30 को, 8491 आवेदकों के लिए बनाए गए 18 केंद्र

## परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर किए जा चुके अपलोड

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 30 जून को होगी।

मिशन एडमिशन

विवि में बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी समेत विभिन्न विषयों के लिए 8491 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रवेश पत्र दिखाने पर ही परीक्षार्थियों को प्रवेश की अनुमति मिलेगी।

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने के लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी की जाएगी। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन के अलावा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।




विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवार अपना एडमिट कार्ड विवि की वेबसाइड से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बाद उन्हें एडमिट कार्ड सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे।

बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट व बीटेक बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षा के लिए समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा। उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने से एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 28-6-24 | 8 | 3 |

## एचएयू में प्रवेश परीक्षा 30 को, तैयारियां पूरी

हिसार, 27 जून (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलॉजी, सोश्योलॉजी आदि कोर्सेज के लिए 30 जून को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 27.06.2024 | --- | -- |

# एचएयू में तैयारियां पूरी, 30 जून को होगी प्रवेश परीक्षा

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फ़िजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज के लिए 30 जून को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकूलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

## 8491 उम्मीदवारों ने किए हैं आवेदन

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8491 उम्मीदवारों ने आवेदन किए है। प्रवेश परीक्षा के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए है ताकि परीक्षार्थियो को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई है। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

## परीक्षा से एक घंटा पहले पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र

प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट व बीटेक बायोटेक्नोलॉजी के लिए प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व (9.00 बजे तक) अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 27.06.2024 | --- | -- |

परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कर दिए गए हैं अपलोड

## एचएयू में प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी, 30 को होगी परीक्षा

पांच बजे न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सीसमोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफारमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज के लिए 30 जून को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8491 उम्मीदवारों ने आवेदन किए है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए है ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रो पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई है। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालो पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रानिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों को ही होगी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट व बीटेक बायोटेक्नोलॉजी के लिए प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पूर्व (9.00 बजे तक) अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आकर मिल सकते हैं अन्यथा कार्यालय के फोन नं. 01662-255254 पर संपर्क कर सकते है। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में देख सकते हैं।